रविवार, 12 मई 2019

हिन्दुस्तान

शनिवार को टेक्नालॉजी डे पर आईआईटी में ड्रोन उड़ाते स्कूली बच्चे। • हिन्दुस्तान

आईआईटी में स्कूली बच्चों ने उड़ाया ड्रोन

कानपुर | हिन्दुस्तान संवाद

आईआईटी कानपुर में शनिवार को टेक्नालॉजी डे मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान में स्कूली बच्चों के लिए प्रदर्शनी लगाई गई। यहां बच्चों ने न सिर्फ ड्रोन देखे बल्कि इन्हें उड़ा कर भी देखा। स्पोर्ट्स कार का भी आनन्द उठाया।

इस अवसर पर 'स्पेस टेक्नालॉजीज एण्ड इसरो' विषय पर सेमिनार का भी आयोजन किया गया। वक्ताओं ने भविष्य में भारत के स्पेश मिशन का भी जिक्र किया। आईआईटी, कानपुर की अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी सेल ने शनिवार को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर इसका आयोजन किया था। भारतीय वैज्ञानिकों और इंजीनियरों के हासिल किए गए तकनीकी कारनामों को याद करने के लिए 1999 से पूरे देश में इसका आयोजन किया जाता है। अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र के डॉ. वीएस मुंजल ने सैटकॉम डोमेन के स्पेस / ग्राउंड सेगमेंट में प्रौद्योगिकी पर अपने विचार व्यक्त किए। इसरो के एसएसी डॉ. मेहुल आर पंड्या ने अंतरिक्ष के लिए पृथ्वी और ग्रहों की टिप्पणियों पर चर्चा की।

इस वैज्ञानिक गोष्ठी में कहा गया कि भारत स्पेस टेक्नालॉजी में किसी भी देश से कमजोर नहीं है। भारत अपनी शक्ति का प्रदर्शन करने में सक्षम है। संगोष्ठी में प्रोफेसर बिशख भट्टाचार्य, समन्वयक, एसटीसी ने सभी अतिथियों का परिचय कराया। उद्घाटन भाषण डिप्टी डायरक्टर प्रोफेसर मनिंद्र अग्रवाल ने दिया। डीन, अनुसंधान और विकास प्रोफेसर एस गणेश ने नवीन तकनीक की जानकारी दी। इस अवसर पर अनेक प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन भी किया गया।